No. of Printed Pages/Questions:5/11

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination - (2026 – 2027)

Class: VI **MM: 50**

Subject: HINDI **Time: 2Hrs.**

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधी लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक पर आधारित प्रष्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 11 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड 'क' अपठित बोध (10 अंक)

1. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(1X3+1X2=5)**

बल्लभभाई बचपन से ही नटखट प्रकृति के थे और प्रायः अध्यापकों से भी कभी–कभी टकरा जाया करते थे। दसवीं कक्षा पास करने के उपरांत इन्होंने वकालत की परीक्षा दे डाली। गोधरा और बोरसद में वकालत करते समय इनकी तर्कशक्ति से अंग्रेज मजिस्ट्रेट भी घबराते थे। किसी मुकदमे की पैरवी करते समय ये आकाश–पाताल एक कर देते थे। एक बार गोधरा में वकालत करते समय इन्हें तार मिला कि प्लेग के कारण इनकी पत्नी का देहांत हो गया है। इस लौह–पुरुष ने तार को एक ओर रख दिया और पत्नी के वियोग से व्याकुल न होकर ये सुस्थिर भाव से बहस में लगे रहे। जब बहस कार्य समाप्त हुआ, तो इन्होंने अपने मित्रों को तार का संदेश धैर्यपूर्वक और गंभीरता से बताया। सामान्य लोग तो ऐसे अवसर पर धैर्य खोकर व्याकुल हो जाते है, परन्तु बल्लभभाई का गंभीर मुख–मुद्रा देखकर इनके मित्र आश्चर्यचकित रह गए। लौह–पुरुष संकट में घबराते नही हैं और लाभ–प्राप्ति पर फूलकर कुप्पा नही हो जाया करते। यही बड़प्पन और महत्व की निशानी है।

(I) वल्लभभाई ने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कौन–सी परीक्षा दी ?

अ राजकीय नौकरी की ब बारहवीं की

स वकालत की द स्नातक

(II) गोधरा और बोरसद के मजिस्ट्रेट वल्लभभाई की किस बात से घबराते थे ?

अ विद्वता से ब उग्रता से

स गंभीरता से द तर्क–शक्ति से

(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : लौह–पुरुष संकट में घबराते नही हैं।

कारण (R) : लाभ–प्राप्ति पर फूलकर कुप्पा नहीं होते।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) वल्लभभाई के मित्रों को आश्चर्य क्यों हुआ ?

(v) लेखक ने किस बात को बड़प्पन और महत्त्व की निशानी कहा है?

2. काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X3+1X2=5)

सीमा पर बच्चों की टोली,
खेलें रोज़ प्यार की होली,
वापस लूँ बंदूकें गोली,
सिर्फ़ खिलौने ही दिलवाऊँ,
अगर मैं राष्ट्रपति बन जाऊँ।
बच्चे बड़े पदों पर होएँ
पड़े–पड़े बिस्तर पर सोएँ,
किलकारी की फ़सलें बोएँ
खूब चुटकुले उन्हें सुनाऊँ
अगर मैं राष्ट्रपति बन जाऊँ।

(I) 'किलकारी की फसलों से कवि का क्या तात्पर्य है ?

अ	चीख–पुकार	ब	खुशियों की फ़सलें
स	दुःख की फ़सलें	द	रंगों की फ़सलें

(II) कवि के अनुसार बच्चे बड़े पदों पर होते तो क्या करते ?

अ	मज़े करते	ब	मेहनत करते
स	बिस्तर पर सोएँ रहते	द	खेत में बीज बोते

(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A):कवि चाहते है कि सीमा पर बच्चों की टोली प्यार भरी होली खेले ।

कारण (R):कवि बंदूकें और गोली वापस लेकर बच्चों को खिलौने देना चाहते है।

(अ) कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ब) कथन (A) सही है और कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(IV) रचना के आधार पर 'राष्ट्रपति' किस प्रकार का शब्द है ?

(V) इस कविता के अनुसार बच्चे बड़े बनकर क्या–क्या करना चाहते हैं ?

खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण (10 अंक)

3 **निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** (1X4=4)

(I) 'महोत्सव' का संधि विच्छेद कीजिए।

(II) पुस्तक +आलय का संधि कीजिए।

(III) 'नयन' किस संधि का उदाहरण है।

(IV) 'एकैक'का संधि विच्छेद कीजिए।

(V) 'विद्यालय' किस संधि का उदाहरण है।

4 **निर्देशानुसार चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1X3=3)

(I) 'पहाड़ से गंगा बह रही है। इस वाक्य में से व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए।

(II) संज्ञा के कितने भेद होते है, नाम लिखिए।

(III) 'सजना' क्रिया से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

(IV) 'चतुर' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

5 **निर्देशानुसार चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1X3=3)

(I) स्त्रीलिंग तथा पुल्लिग में समान रहने वाले दो शब्द लिखिए।

(III) 'शिष्य' और 'बेटा' शब्द के स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

(IV) 'हस्ताक्षर' शब्द किस वचन का उदाहरण है ?

(V) 'मिठाई' शब्द का बहुवचन रूप लिखिए।

खंड–'ग' (पाठ्यपुस्तक 20 अंक)

6.पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X4=4)

मेजर ध्यानचंद का जन्म सन् 1904 में प्रयाग में एक साधारण परिवार में हुआ था। बाद में हम झाँसी आकर बस गए। 16 साल की उम्र में मैं 'फर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंट'में एक साधारण सिपाही के रूप में भर्ती हो गया। मेरी रेजिमेंट का हॉकी खेल में काफी नाम था। पर खेल में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी।उस समय हमारी रेजिमेंट के सूबेदार मेजर तिवारी थे। वे बार–बार मुझे हॉकी खेलने के लिए कहते । हमारी छावनी में हॉकी खेलने का कोई निश्चित समय नहीं था। सैनिक जब चाहे मैदान में पहुँच जाते और अभ्यास शुरू कर देते। उस समय तक मैं नौसिखिया खिलाड़ी था।

(I) **मेजर ध्यानचंदका जन्म कब हुआ ?**

(अ) 1903 (ब) 1906

(स) 1904 (द) 1902

(II) **सिपाही के रूप में वे सबसे पहले कहाँ भर्ती हुए ?**

(अ) बर्लिन ओलंपिक में (ब) फर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंट

(स) पंजाब रेजीमेंट में (द) छावनी में

(III) फर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंट के सूबेदार कौन थे ?

(अ) मेजर तिवारी (ब) मेजर ध्यानचंद

(स) मेजर बलवंत (द) मेजर दानवीर

(IV) सैनिक मैदान में जाकर क्या करते थे ?

(अ) दौड़ लगाते (ब) गप्पें हाँकते

(स) हॉकी का अभ्यास करते थे (द) मैदान की सफाई करते थे

7.निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X3=6)

(I) उस इलाके का प्रसिद्ध डाकू कौन था ? उसका नाम सुनते ही लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता था ?(हार की जीत' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

(II) सुलतान के छीने जाने का बाबा भारती पर क्या प्रभाव पड़ा?(हार की जीत' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

(III) बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर किस प्रकार आनंद आता था?(हार की जीत' पाठ के आधार परउत्तर लिखिए)

(IV) ध्यानचंद की सफलता का राज क्या था ? (गोल' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

8.पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए (1X4=4)

जलाते चलो ये दिये स्नेह भर–भर
कभी तो धरा का अँधेरा मिटेगा।
भले शक्ति विज्ञान में है निहित वह
कि जिससे अमावस बने पूर्णिमा–सी,
मगर विश्व पर आज क्यों दिवस ही में
घिरी आ रही है अमावस निशा–सी ।।
बिना स्नेह विद्युत–दिए जल रहे हो
बुझाओं इन्हें , यों न पथ मिल सकेगा।।

(I) इस कविता के कवि कौन हैं?

(अ) गोपाल कृष्ण कौल (ब) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(स) रामधारी सिंह (द) जयशंकर प्रसाद

(II) कवि क्या जलाने की बात कर रहेहैं?

(अ) बिजली (ब) बल्ब

(स) स्नेह के दिए (द) लैंम्प

(III) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है?

(अ) जलाते चलो (ब) मैं भी छोटी होऊँ

(स) पहली बूँद (द) वह चिड़िया जो

(IV) अमावस किसका प्रतीक है ?

(अ) अंधकार (ब) प्रसन्नता

(स) खुशी (द) इनमें से कोई नहीं

9 निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X3=6)

(I) रहीम ने कैसी विपत्ति को सही कहा है ? ('रहीम के दोहे' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(II) रहीम कवि ने सच्चे मित्र की कौन–कौन–सी विशेषताएँ बताई हैं ? ('रहीम के दोहे' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(III) बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है ? ('पहली बूँद' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(IV) वर्षा ऋतु में बादल कैसे दिखाई पड़ते हैं ? ('पहली बूँद' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

खंड–'घ' रचनात्मक लेखन (10 अंक)

10. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए (शब्द सीमा 80–100) (1X5=5)

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य

संकेत बिंदु–'लक्ष्य साधना अनिवार्य', इस हेतु प्रयास, 'निरंतर परिश्रम','मन में उमंग', 'लक्ष्य के उद्देश्य'

(ख) स्वच्छता अभियान

संकेत बिंदु– 'स्वच्छता का अर्थ', 'अभियान का उद्देश्य','नागरिकों का कर्त्तव्य'

(ग) जीवन में खेलकूद का महत्त्व

संकेत बिंदु–'खेल क्या होते है', 'भारत के विशेष खेल' 'खेलों के प्रकार' खेल से स्वास्थ्य को होने वाला लाभ

11.अपने छोटे भाई को 'सुबह की सैर' से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए। (1X5=5)

अथवा

दादा जी ने आपके जन्मदिन पर प्रेमचंद द्वारा लिखी गई मानसरोवर' (कथा संग्रह) भेजी है इसके लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें पत्र लिखें।

––00––